अध्यक्ष, यूपीपीसीएल से सीईओ, बीएसयूएल की मुलाकात

श्री ए. के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड की तरफ़ से श्री एम. देवराज (आईएएस), अध्यक्ष, यूपीपीसीएल को पद ग्रहण करने पर श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल ने दिनांक 16.02.2021 को पुष्प गुच्छ भेंट कर हार्दिक शुभकामनायें दीं।

श्री ए. के. सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबन्ध निदेशक, एनएचपीसी लिमिटेड की तरफ़ से श्री एम. देवराज (आईएएस) अध्यक्ष, यूपीपीसीएल को पुष्प गुच्छ भेंट कर शुभकामनायें देते श्री मनीष सहाय, सीईओ, बीएसयूएल

मुलाकात के दौरान सीईओ, बीएसयूएल द्वारा अध्यक्ष, यूपीपीसीएल को बीएसयूएल की विभिन्न परियोजनाओं (65 MW काल्पी, 100 MW मिर्ज़ापुर, 1200 MW जालौन पार्क, 45 MW माधोगढ़ एवं अन्य) की स्थिति से अवगत कराया गया तथा बीएसयूएल की यूपीपीसीएल से अपेक्षित सहयोग पर चर्चा हुई। सीईओ, बीएसयूएल द्वारा कालपी सौर ऊर्जा परियोजना के पीपीए पर शीघ्र अनुबंध करने के लिए अध्यक्ष, यूपीपीसीएल से अनुरोध किया गया। बैठक में सीईओ द्वारा काल्पी की ट्रांसमिशन लाईन यूपीपीटीसीएल द्वारा बनवाने पर भी चर्चा की गयी। अध्यक्ष, यूपीपीसीएल/ यूपीपीटीसीएल ने सभी मामलों पर शीघ्र विचार/ समाधान का आश्वासन दिया।

उक्त बैठक में बीएसयूएल के श्री ब्रिजेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबन्धक (विद्युत) एवं एनएचपीसी के श्री सुधीर मणि त्रिपाठी, उप प्रबन्धक (तकनीकी) भी मौजूद थे।